Title: Need for early release of funds for implementation of Drought prone Area programme in Chitrakut and Banda districts of Uttar Pradesh- Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा) : अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार द्वारा सूखा पीड़ित जिलों में ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत डी.पी.ए.पी योजना के जो कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं उनमें कुछ कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में मेरे निर्वाचन क्षेत्र चित्रकूट और बांदा जिलों में भी चल रहे हैं। उन योजनाओं के पंचम बैच के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के बजट का राज्यांश डी.आर.डी.ए. चित्रकूट को प्राप्त हो गया है किंतु उक्त पंचम बैच का केन्द्र सरकार के बजट का केन्द्रांश अभी तक नहीं भेजा गया । केन्द्रांश का धन 31 मार्च, 2003 तक पहुंच जाना चाहिए था। यह भी ज्ञात हुआ है कि सप्तम बैच की धनराशि जिले में उपलब्ध करा दी गई है, किंतु बजट की स्वीकृति न मिलने का आधार बनाकर पंचम बैच की धनराशि भारत के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अवमुक्त नहीं की गई। यह भी ज्ञात हुआ है कि धन अवमुक्त कराने के लिए जब तक कोई कर्मचारी संबंधित विभाग में फाईल लेकर नहीं पहुंचता तब तक काम नहीं होता। इस कारण से पंचम बैच का धन अवमुक्त होने में और अधिक अनावश्यक विलम्ब होने का अंदेशा है। विलम्ब के कारण धन अवमुक्त होते होते बरसात आ जायेगी, जिससे विकास कार्य ठप्प हो जायेंगे। अतः बरसात से काफी समय पूर्व धन अवमुक्त किया जाना अपेक्षित है, जिससे अधिकाधिक विकास कार्य सम्पन्न हो सकें।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री से अपेक्षा है कि सूखा पीड़ित जिलों के विकास के लिए तत्काल धन अवमुक्त करायें और किसानों का हित सुनिश्चित करायें।